# रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

वर्ष 13 | अंक 30 | कुल पृष्ठ : 8 | मूल्य - 2 रु.

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

इंदौर प्रति मंगलवार, 16 दिसम्बर 2025 से 22 दिसम्बर 2025 तक


# राष्ट्र निर्माण में उनकी अद्वितीय भूमिका...

## पीएम मोदी ने सरदार पटेल की 75वीं पुण्यतिथि पर ऐसे दी श्रद्धांजलि

देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 75वीं पुण्यतिथि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी 75वीं पुण्यतिथि पर मेरा सादर नमन। उन्होंने अपना जीवन देश को एकजुट करने में समर्पित कर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि कृतज्ञ राष्ट्र एक अविभाजित और सशक्त भारतवर्ष के निर्माण में उनके अद्वितीय योगदान को कभी नहीं भूल सकता।



### पीएम मोदी ने क्या कहा

पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, 'लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी 75वीं पुण्यतिथि पर मेरा सादर नमन। उन्होंने देश को एकसूत्र में पिरोने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। अखंड और सशक्त भारतवर्ष के निर्माण में उनका अतुलनीय योगदान कृतज्ञ राष्ट्र कभी भुला नहीं सकता।'

### सरदार पटेल 'विकसित भारत' के लिए ऊर्जा का स्रोत

प्रधानमंत्री ने एक और ट्वीट में लिखा, 'भारत रत्न सरदार पटेल की 75वीं पुण्यतिथि आत्मनिर्भर भारत के लिए प्रेरणा लेने का भी एक विशेष अवसर है। उन्होंने देशवासियों में राष्ट्रीय एकता की जो भावना भरी, वो 'विकसित भारत' के लिए ऊर्जा का स्रोत है। राष्ट्र निर्माण में उनकी अद्वितीय भूमिका सशक्त और सामर्थ्यवान भारत के लिए पथ-प्रदर्शक बनी रहेगी।'

### 1950 में हुआ था सरदार का निधन

गुजरात के नडियाद में 1875 में जन्मे पटेल ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। देश के पहले गृह मंत्री के रूप में उन्होंने स्वतंत्रता के बाद 560 से अधिक रियासतों का भारत संघ में विलय कराने में अहम योगदान दिया था। सरदार पटेल का निधन 1950 में हुआ था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी सरदार वल्लभभाई पटेल की 75वीं पुण्यतिथि पर सोमवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### अमित शाह ने सरदार पटेल को ऐसे दी श्रद्धांजलि

अमित शाह ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि राष्ट्रीय एकता के प्रतीक, मजबूत भारत के शिल्पकार लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी को उनकी पुण्यतिथि पर नमन करता हूं। सरदार पटेल ने खंड-खंड में बंटे आजाद भारत को तमाम प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद एकीकृत कर मजबूत राष्ट्र का सुदृढ़ रूप दिया। देश के पहले गृह मंत्री के रूप में मां भारती की सुरक्षा, आंतरिक स्थिरता एवं शांति की स्थापना को ही उन्होंने अपना जीवन लक्ष्य बनाया।केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि सहकारी आंदोलन को पुनर्जीवित कर महिलाओं, किसानों के स्वावलंबन से आत्मनिर्भर भारत की नींव रखने वाले सरदार पटेल राष्ट्रप्रथम के पथ पर ध्रुवतारे के समान हम सभी का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

# मनरेगा की जगह नया रोजगार कानून

## लाने जा रही सरकार, सांसदों को बांटी गई बिल की कॉपियां

नरेंद्र मोदी सरकार मनरेगा को खत्म करके, उसकी जगह एक नया ग्रामीण रोजगार कानून लाने की तैयारी कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, सरकार ने लोकसभा सदस्यों को एक बिल का ड्राफ्ट भेजा है। इसका मकसद 'विकसित भारत @2047' के राष्ट्रीय विजन के तहत ग्रामीण विकास का एक ढांचा तैयार करना है। यह नया कानून 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)' बिल 2025 के नाम से जाना जाएगा। यह कानून मौजूदा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 को खत्म कर देगा।



### मनरेगा की जगह नए कानून की तैयारी

यूपीए सरकार मनरेगा कानून लेकर आई थी, जिसमें ग्रामीण परिवारों को हर साल 100 दिन के रोगार की गारंटी देता है। नए बिल में सरकार ने ग्रामीण परिवारों को हर साल 125 दिन के रोजगार की गारंटी देने का प्रस्ताव किया है। यह रोजगार उन ग्रामीण परिवारों के लिए होगा जिनके वयस्क सदस्य बिना किसी खास हुनर वाले मैनुअल काम करने के लिए तैयार होंगे। इस कानून का लक्ष्य ग्रामीण भारत को समृद्ध और मजबूत बनाना है। यह सशक्तिकरण, विकास, तालमेल और हर घर तक लाभ पहुंचाने पर जोर देगा।

### 'विकसित भारत' पर नजर, सरकार का नया प्लान

मनरेगा कानून को साल 2005 में तत्कालीन यूपीए सरकार ने बनाया था। 2 अक्टूबर 2009 से इसका नाम बदलकर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (MGNREGA) कर दिया गया था। यह बदलाव ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। सरकार का मानना है कि नया कानून 'विकसित भारत' के लक्ष्य को हासिल करने में ज्यादा मददगार साबित होगा। यह ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों को बढ़ाने और लोगों की आजीविका को बेहतर बनाने पर केंद्रित होगा।

### 100 दिन की जगह 125 दिन का मिलेगा रोजगार

मनरेगा ने पिछले कुछ सालों में ग्रामीण इलाकों में रोजगार मुहैया कराने में अहम भूमिका निभाई है। लेकिन, सरकार अब इसमें कुछ बदलाव लाना चाहती है ताकि यह और ज्यादा प्रभावी हो सके। नए कानून में रोजगार के साथ-साथ आजीविका के अन्य साधनों को भी बढ़ावा देने की बात कही गई है। इस नए कानून के आने से ग्रामीण विकास की योजनाओं में भी बदलाव देखने को मिल सकता है। सरकार का लक्ष्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास तेजी से हो और वहां के लोगों को बेहतर जीवन स्तर मिले।संसद में बिल लाने का प्रस्ताव, MPs को सौंपी गई कॉपी 'विकसित भारत @2047' का प्लान ऐसा है जिसका एक मात्र लक्ष्य 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाना है। इस लक्ष्य को पाने के लिए सरकार कई तरह की योजनाएं बना रही है और यह नया ग्रामीण रोजगार कानून उसी का एक हिस्सा है। यह बिल का ड्राफ्ट सांसदों को दिया गया है। सरकार की कोशिश इसी सत्र में इस बिल को संसद में पेश करने पर है। जिसके बाद इस पर चर्चा होगी और फिर इसे पारित किया जाएगा। अगर यह बिल पास हो जाता है, तो मनरेगा की जगह नया कानून लागू हो जाएगा और ग्रामीण रोजगार की गारंटी में कुछ बदलाव आ जाएंगे। सरकार का कहना है कि यह बदलाव ग्रामीण भारत के भविष्य के लिए जरूरी है।

# दिल्ली बैठक के बाद एमपी की राजनीति में घमासान, दिग्विजय सिंह की भूमिका पर बीजेपी का तीखा वार, कांग्रेस का पलटवार

भोपाल। दिल्ली में हुई मध्यप्रदेश कांग्रेस की अहम बैठक के बाद प्रदेश की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। इस बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह की मौजूदगी रही। बैठक के दौरान दिग्विजय सिंह द्वारा पार्टी की रणनीति को लेकर दिए गए प्रस्तुतीकरण की खबर सामने आते ही भारतीय जनता पार्टी ने इसे मुद्दा बनाते हुए कांग्रेस पर सियासी हमला बोला है। बीजेपी विधायक भगवान दास सबनानी ने इस मामले को लेकर तीखा बयान देते हुए कहा कि दिग्विजय सिंह कांग्रेस नेता राहुल गांधी के प्रमुख सलाहकार हैं और मध्यप्रदेश में चाहे जितने भी नेता खड़े कर दिए जाएं, अंततः दिग्विजय सिंह की ही चलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस के युवा नेतृत्व को अंदर ही अंदर घुटन महसूस होती होगी, क्योंकि जो काम उन्हें करना चाहिए, वह दिग्विजय सिंह खुद कर लेते हैं। बीजेपी विधायक ने यह आरोप भी लगाया कि दिग्विजय सिंह अपने बेटे को राजनीति में स्थापित करने के लिए पूरी रणनीति के साथ जमावट कर रहे हैं। बीजेपी के इन आरोपों पर कांग्रेस ने तुरंत पलटवार किया है। कांग्रेस नेता मानक अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस पूरी मजबूती के साथ अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व



में आगे बढ़ रही है। उन्होंने साफ कहा कि दोनों नेता अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन स्वतंत्र रूप से कर रहे हैं और पार्टी की दिशा और रणनीति उन्हीं के नेतृत्व में तय हो रही है। मानक अग्रवाल ने यह भी स्पष्ट किया कि दिग्विजय सिंह ने बैठक में केवल अपने अनुभव के आधार पर सुझाव दिए हैं, न कि किसी तरह का हस्तक्षेप किया है। गौरतलब है कि दिल्ली में हुई इस बड़ी बैठक में मध्यप्रदेश कांग्रेस ने आगामी रणनीति को लेकर विस्तृत चर्चा की। बैठक में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने को लेकर एक बड़ा कार्ययोजना तैयार की गई। दिग्विजय सिंह ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के सामने पार्टी की भूमिका और रणनीति को लेकर प्रस्तुतीकरण दिया, जिसमें यह बताया गया कि मतदाता सूची में किसी भी वास्तविक मतदाता का नाम छूटे नहीं और फर्जी नाम न जोड़े जाएं। इस प्रस्तुतीकरण में पूरे विषय को विस्तार से समझाया गया। दिल्ली बैठक के बाद सामने आए बयानों से साफ है कि मध्यप्रदेश की राजनीति में आने वाले दिनों में सियासी बयानबाजी और तेज हो सकती है। बीजेपी जहां कांग्रेस के अंदरूनी समीकरणों पर सवाल उठा रही है, वहीं कांग्रेस इसे संगठनात्मक मजबूती और सामूहिक नेतृत्व का उदाहरण बता रही है।

# क्राइम ब्रांच इंदौर पुलिस की कार्यवाही में अवैध मादक पदार्थ "ब्राउन शुगर" के साथ आरोपी गिरफ्तार

**आदित्य शर्मा**

आरोपी के कब्जे से लगभग 36.39 ग्राम अवैध मादक पदार्थ "ब्राउन शुगर" (अंतराष्ट्रीय कीमत करीबन 3,70,000/- रुपए) जप्त आरोपी ने पूछताछ में सस्ते दामों पर मादक पदार्थ खरीदकर शहर में नशे के आदी लोगों को अधिक दामों पर बिक्री करना कबूला। आरोपी दिहाड़ी वेतन पर मजदूरी करता है एवं 8 वीं तक ही पढ़ाई की है। अपराध क्रमांक- 214/2025 , धारा- 8/21 घटना स्थल- संजय सेतु के पास संजय सेतु पार्किंग इंदौर

आरोपी का नाम - देवीलाल मीणा निवासी प्रतापगढ़ राजस्थान

जब्त माल का विवरण : - 36.39 ग्राम "ब्राउन शुगर" व एक दोपहिया वाहन होंडा स्प्लेंडर कुल मश्रूका 4,50,000/- रुपए

घटना का विवरण :- इंदौर शहर में अवैध मादक पदार्थो की तस्करी एवं उनकी गतिविधियों में संलिप्त बदमाशों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के निर्देश पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में क्राईम ब्रांच टीम के द्वारा लगातार अवैध मादक पदार्थ के क्रय–विक्रय व इनकी गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियो के संबंध मे गोपनीय रुप से आसूचना संकलन कर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है । इसी अनुक्रम में क्राइम ब्रांच टीम के द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में संदिग्धों की तलाश, पतारसी करने के दौरान शहर के संजय सेतु के पास संजय सेतु पार्किंग इंदौर क्षेत्र में एक व्यक्ति दिखा जो कि गतिविधि से संदिग्ध लगा जिससे पूछताछ करने पर पुलिस को देख घबराने लग जिसे घेराबंदी कर रोका। पुलिस द्वारा नाम पता पूछने पर अपना नाम देवीलाल मीणा निवासी प्रतापगढ़ राजस्थान का होना बताया। जिसकी विधिवत तलाशी लेते 36.39 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर व एक दोपहिया वाहन होंडा स्प्लेंडर बरामद किया गया। आरोपी को अग्रिम वैधानिक कार्यवाही हेतु गिरफ्तार कर अपराध पंजीबद्ध किया गया।






पुलिस कार्यवाही - आरोपी ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि अधिक लाभ अर्जित करने की मंशा से सस्ते में मादक पदार्थ खरीदकर 'ब्राउन शुगर' इंदौर शहर में बेचता था। आरोपी देवीलाल से 36.39 ग्राम "ब्राउन शुगर" जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना अपराध शाखा में अपराध क्रमांक 214/25 धारा 8/21 NDPS एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर, विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं ।

# ख्वाजा उस्मान हारुनी कमेटी द्वारा 10 जोड़ों का निकाह संपन्न शहर काजी ने की दुआ



**आदित्य शर्मा**

आज ख्वाजा उस्मान हारुनी कमेटी के अध्यक्ष सलीम लाइक ने बताया कि कमेटी द्वारा पिछले 20 वर्षों से निशुल्क शादी समारोह आयोजित किया जा रहा है इस मौके पर आज 10 जोड़ों का निकाह कार्यक्रम ख्वाजा उस्मान हारुनी कमेटी द्वारा संपन्न कराया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि इंदौर शहर के शहर काजी इशरत अली साहब मुफ्ती अहमद यार खा हाफिज अनवर साहब एवं संस्था सर्वधर्म संघ के अध्यक्ष मंजूर बैग की उपस्थिति में संपन्न हुआ इस मौके पर डॉक्टर काजी इशरत अली ने कहा कि सलीम लाइक साहब पिछले 20 वर्ष से निशुल्क शादी करवा कर यह संदेश दे रहे हैं कि ऐसी शादी होने से मध्यम परिवार को काफी मदद मिलती है साथ ही दूल्हा दुल्हन को भी समझाइश दी गई कि किसी प्रकार से भी घर मे आपसे मन मुटाव नहीं होना चाहिए ऐसी कभी स्थिति बनती है तो हमारे पास आए पुलिस थानों पर कानूनी कार्रवाई न करें हम इसका बैठकर अच्छा हल निकालेंगे इस मौके पर कमेटी के मुख्य रूप से अध्यक्ष सलीम लाइक पार्षद अयाज बैग अनवर देहलवी मंजूर अहमद फारूक भाई साजिद रॉयल शकील अता राजिक देहलवी अब्दुल वहाब मुस्ताक बाबा वारसी आसिफ भाई शाहनवाज भाई सुफियान मेमन रियाज खान शाहिद देहलवी रियाज कादरी मोहम्मद परवेज सलमान लाइक तारीख इकबाल सोहेल पठान मुकेश बजाज रिहान अंसारी आदि लोग मौजूद थे सभी ने खुशी जाहिर करते हुए समाज में अपील की है कि हमेशा इस तरह की शादी होने से गरीब मध्यम वर्ग के लोगों को काफी सहयोग और मदद मिलती है ऐसे कार्य सभी लोगों को मिलकर करना चाहिए ।



कुरु क्षेत्र ज्ञान वशिष्ठ महा वाल्मीकि रामायण के समापन और राष्ट्रीय संत समागम समापन समारोह में शामिल हुए एक तू ही जयगुरुदेव सदगुरु स्वामी श्री अरुणानंद जी महाराज साहेब ,ज्ञान आश्रम के गद्दीनशीन संत गिरधारी नाथ पंजाब अमृत सर महाराज,महामंडलेश्वर स्वामी विवेक नाथ महाराज देहली, एक तू ही गुरुद्वार जयगुरूदेव विश्व प्राकृतिक आध्यात्मिक ध्यान मंदिर ओर षट्दर्शन बद्रिकाश्रम महंत बाल योगी मौनी ब्रह्मचारी यशवर्धन महाराज साहेब इंदौर मध्य प्रदेश, संत राम दास हरियाणा,संत जयराज महाराज तमिलनाडु, कार्यक्रम के आयोजन कर्ता महामंडलेश्वर स्वामी संगम नाथ सिंह कुरु क्षेत्र संगम नाथ महाराज का एक तू ही जयगुरूदेव द्वारा एक तू है अवॉर्ड सम्मान पत्र पेन कलम एक चंदन की माला ओर शॉल से सम्मानित किया ओर सभी संतों से स्वागत किया।

# पुलिस कमिश्नर इंदौर ने बेहतर पुलिसिंग को लेकर, पुलिस अधिकारियों व थाना प्रभारियों की ली बैठक

**आदित्य शर्मा**

इंदौर - शहर में अपराधों पर नियंत्रण हेतु पुलिस की कार्यप्रणाली को बेहतर करने तथा उसमें और कसावट लाने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा इंदौर नगरीय क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ एक कार्य समीक्षा बैठक का आयोजन आज दिनांक 13.12.25 को कार्यालय के सभागार में किया गया उक्त बैठक में अति पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) इंदौर श्री अमित सिंह, अति पुलिस आयुक्त (अपराध/मुख्यालय) इंदौर श्री आर. के. सिंह सहित नगरीय क्षेत्र के सभी पुलिस उपायुक्तगण, अति. पुलिस उपायुक्तगण, सभी सहायक पुलिस आयुक्तगण एवं सभी थाना प्रभारीगण उपस्थित रहें।

उक्त बैठक के दौरान पुलिस कमिश्नर इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह ने विगत समय में पुलिस द्वारा की गई कार्यवाहियों की जोन वाइज समीक्षा की । जिसमे इस वर्ष के अभी तक के अपराधों की समीक्षा कर, गंभीर अपराधों, माइनर अपराध, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, विवेचना में तकनीक के उपयोग व कार्यवाही, पुलिस न्यायालयों की कार्यवाही सहित यातायात व्यवस्था व प्रबंधन, चैंकिंग व ड्रोन पेट्रोलिंग एवं सामुदायिक पुलिसिंग के तहत की जा रही कार्यवाही आदि पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान पुलिस कमिश्नर ने ''हमें रिएक्टिव नहीं, प्रिवेंटिव पुलिसिंग करनी है'' ये संदेश देते हुए शहर में बेहतर पुलिस व्यवस्था व कार्यवाही के लिए सभी को निम्न निर्देश दिए-

पुलिस की कार्यवाही में और कसावट लाने के लिए थाना क्षेत्रों के बीट और माइक्रो बीट सिस्टम को सक्रिय कर, कार्यों की समीक्षा व सतत निगरानी की जावें। बीट/माइक्रो बीट व डायल-112 में लगाए पुलिस कर्मियों की जिम्मेदारी तय कर, लगातार मॉनिटरिंग की जावें । बदमाशों, असामाजिक तत्वों व आदतन अपराधियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही और बाउंड ओवर की कार्यवाही निरंतर रूप से की जाए। चाइनीज व प्रतिबंधित मांझे के विरूद्ध प्रभावी व सख्त कार्यवाही के साथ जागरूता कार्यक्रमों को भी जारी रखा जावें।

पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत विभिन्न न्यायालयों के कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग की जावे और कार्यप्रणाली को और बेहतर किया जाए। थानों के कार्यों की समीक्षा हेतु, डीसीपी व एडीशनल डीसीपी लगातार अपने क्षेत्रों के थानों का निरीक्षण करें व कार्यप्रणाली को और बेहतर करवाएं। लंबित व गंभीर प्रकरणों के निराकरण हेतु विशेष प्रयास कर, प्राथमिकता के साथ कार्यवाही की जाए और इनकी लगातार समीक्षा वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की जावें।

थानों/कार्यालयों में अपनी समस्याएं व शिकायत लेकर आने वाले आवेदकों की बात संवेदनशीलता के साथ सुनी जाए और त्वरित निराकरण हेतु प्रयसा किये जाए साथ ही सीएम हेल्पलाईन व जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का भी त्वरित निराकरण किया जाए।

शहर में आपराधिक व असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर निगरानी हेतु रात्रि में प्रभावी चौकिंग के लिए थाना प्रभारी भी उपस्थित रहकर कार्यवाही करें व वरिष्ठ अधिकारीगण भी समय समय पर इसकी मॉनिटरिंग व ब्रीफिंग करें, ये भी निर्देशित किया।क्षेत्र में ड्रोन पेट्रोलिंग कर, असामाजिक तत्वों व बदमाशों के हॉट स्पॉट व शैडो एरिया पर की जा रही निगरानी व चैंकिंग निरंतर जारी रखी जाएं व इसे और प्रभावी बनाया जाए। अपराधों के अनुसंधान में सीसीटीएनएस के अंतर्गत की जाने वाली कार्यवाही ई-साक्ष्य, ई-विवेचना, ई-समंस/वारंट आदि को और बेहतर करने के लिए दिए आवश्यक दिशा निर्देश।

सुरक्षित यातायात हेतु जागरूकता कार्यक्रमो के साथ नियम तोड़ने वाले चालकों के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही की जावें।

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार
इंदौर प्रति मंगलवार, 16 दिसम्बर 2025 से 22 दिसम्बर 2025 तक



# भव्य प्रभात फेरी: श्रद्धा का सागर उमड़ा

## इस बार प्रभात फेरी का सबसे खास आकर्षण रहा

## रणजीत टाइम्स समूह द्वारा बनाया गया भव्य स्वागत मंच

**ड्रोन से हुई कड़ी निगरानी, रणजीत टाइम्स का विशेष स्वागत मंच बना केंद्र**






इंदौर। मध्यप्रदेश के इंदौर स्थित श्री रणजीत हनुमान मंदिर से 12 दिसंबर की सुबह प्रदेश की सबसे बड़ी और भव्य प्रभात फेरी पूरे उत्साह और गरिमा के साथ निकल चुकी है। अलसुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी और जैसे ही प्रथम आरती संपंत्र हुई, ढोल-नगाड़ों की गूंज, भजन-कीर्तन और जय-हनुमान के नारों के साथ विशाल शोभायात्रा आगे बढ़ गई। इस पावन अवसर पर इंदौर शहर भक्तिमय रंग में रंग गया और हर तरफ आस्था की अनोखी छटा दिखाई दी। इस बार की प्रभात फेरी में लाखों श्रद्धालु शामिल हुए, जिनमें महिलाओं, युवाओं, बच्चों और वृद्धों की बड़ी संख्या मौजूद रही। मंदिर से शुरू हुई यात्रा ने निर्धारित मार्ग से आगे बढ़ते हुए पूरे क्षेत्र में दिव्यता का भाव फैलाया। जगह-जगह लगे welcome गेट, पुष्पवर्षा, धार्मिक झांकियाँ और कीर्तन मंडलियों ने इस शोभायात्रा को और भव्य बना दिया।



श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन पहले से ही पूरी तरह सतर्क था। लगभग 650 से अधिक पुलिसकर्मियों को सुरक्षा व्यवस्था में लगाया गया, जिनकी निगरानी डीएसपी और टीआई स्तर के अधिकारी कर रहे थे। महिलाओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिस बल की विशेष तैनाती की गई। वहीं ड्रोन कैमरों से प्रभात फेरी के पूरे मार्ग की रियल-टाइम मॉनिटरिंग की गई, जिससे भीड़ नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखा जा सके। कंट्रोल रूम से लगातार निगरानी की जा रही थी, और मुख्य स्थानों पर अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। यात्रा के दौरान उषा नगर, अन्नपूर्णा रोड और रणजीत हनुमान मार्ग सहित कई रूटों पर अस्थायी डायवर्शन लागू किए गए। ट्रैफिक पुलिस ने वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट कर व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पार्किंग स्थल भी अलग-अलग जगह निर्धारित किए गए थे जिन्हें सुबह से ही पुलिसकर्मियों द्वारा सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा था। इस बार प्रभात फेरी का सबसे खास आकर्षण रहा रणजीत टाइम्स समूह द्वारा बनाया गया भव्य स्वागत मंच मंदिर परिसर के नजदीक तैयार इस मंच पर श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी वितरण की विशेष व्यवस्था की गई। मंच पर आने वाले भक्तों का पुष्पमालाओं, नारों और जय-जयकार के साथ स्वागत किया गया। मीडिया कवरेज के लिए रणजीत टाइम्स की पूरी टीम सुबह से लाइव रिपोर्टिंग में सक्रिय रही, जिससे दूर-दराज के लोगों तक भी इस अलौकिक आयोजन की झलक पहुँचती रही।




प्रभात फेरी के आगे बढ़ते ही पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल से भर गया। विशाल झांकियों, सजाए हुए रथों, भजन मंडलियों और ढोल-नगाड़ों की गूंज ने वातावरण को दिव्यता से भर दिया। श्रद्धालु 'हनुमान जी' के जयकारों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहे थे। कई स्थानों पर सामाजिक संगठनों द्वारा जल-सेवा, चाय, नाश्ता और प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की गई, जिससे पूरे मार्ग पर सेवा और श्रद्धा की अनोखी मिसाल देखने को मिली। इस बार की प्रभात फेरी ने एक बार फिर साबित किया कि इंदौर न सिर्फ स्वच्छता में नंबर वन है, बल्कि धार्मिक आयोजनों की भव्यता और अनुशासन में भी अग्रणी है। जैसे-जैसे शोभायात्रा अपने मार्ग पर आगे बढ़ी, वैसे-वैसे श्रद्धालुओं की आस्था चरम पर नजर आई और पूरा शहर 'जय श्री हनुमान' के उद्घोष से गुंजायमान होता रहा।

# समस्यायों के समाधान का सहज मार्ग है आत्मसाक्षात्कार

संसार में समस्याओं की कमी नहीं। किसी को शारीरिक समस्या होती है, तो किसी को मानसिक और किसी को आर्थिक समस्या घेरे रहती है। किसी-न-किसी प्रकार की समस्या प्रायः सबके पीछे लगी रहती है। समस्याओं से सर्वथा रहित कदाचित ही कोई व्यक्ति रहता है। कोई यदि शरीर से दुःखी है उसे रोग, निर्बलता, बुढ़ापा घेरे है, तो कोई मन से उद्विग्न है।

कहीं सम्मान में धक्का लग गया है तो कहीं संतान ने व्यथा दी और कहीं कोई विरोध का सामना करना पड़ा। तन, मन और धन लौकिक जीवन की तीन विभूतियाँ मानी गई हैं। संसार के सुखों का आधार भी इन्हीं को कहा गया है। और शरीर स्वस्थ रहे, मन प्रसन्न रहे और अभाव का आक्रमण न हो तो फिर मनुष्य का सुखी रहना संभव है। परंतु इनके संयोग से मिलने वाला सुख चिरस्थायी नहीं होता क्योंकि समस्यायें हमारी सोच के परिणामस्वरूप ही उत्पन्न होती है।

सहज ध्यान योग को आत्मिक उत्थान का योग कहा जाता है। कुंडलिनी के जागरण से आत्मज्ञान



पाकर, इस योग में साधक सदैव मध्य मार्ग में रहता है यानि संतुलन में रहता है। उसे ना भविष्य की चिंता सताती है ना भूतकाल उसे प्रताड़ित करता है। सहज योग ध्यान संतुलित होकर बगैर किसी तनाव के जीवन जीने का सरल माध्यम है। इस ध्यान योग को सीखना बहुत आसान है। सहज योग ध्यान केंद्र के द्वार हर साधक के लिए खुले होते हैं। सहज योग ध्यान से हमारी सोच विकसित होती है। सहज ध्यान करने वालों का हृदय चक्र के संतुलित होने से साधक का स्वभाव बहुत सरल, शांत और दूसरों का सम्मान करने वाला हो जाता है।

यह स्वभाव साधक को न केवल बाहर से बल्कि अंदर से भी बदल देता है, और अच्छा बोलना और व्यवहार करना हमारे स्वभाव का हिस्सा बन जाता है। साधक शांत और संयमित स्वाभाव के कारण किसी भी समस्या का सही समाधान ढूंढने में सक्षम हो जाता है। यही वो गुर है जिससे हम अपनी समस्या को अचेतन में छोड़ने में सफल होते हैं। हम अपने आत्मोत्थान के बाद जो भी प्रार्थना करते हैं वो सब ब्रम्हांड में चैतन्य के साथ बहने लगता है। फिर समाधान के लिए फिक्र नहीं होती, हम समाधानी बन जाते हैं। आत्मविश्वास, सरलता और शांत प्रकृति के कारण ऐसे लोग जो ध्यान करते हैं, बेहद प्रभावी होते हैं। इसकी झलक उनके निजी और पारिवारिक जीवन में स्पष्ट देखने को मिलती है। इसी अवस्था को संतों ने आनंद की अवस्था कहा है। हृदय चक्र की ऊर्जा से विकसित हुए आत्मविश्वास के कारण हममें अपनी बात रखने का कौशल आ जाता है। सहज योग प्रणेता और हमारी परमपूज्य श्री माताजी निर्मला देवी कहती हैं "निर्विचार अवस्था में जो भी घटित होता है, वह प्रबुद्ध और प्रकाशमान होता है।" इस अद्भुत और समस्याओं से निजात देने वाले सहज योग से जुड़ने के लिए हम आपको आमंत्रित करते हैं। अपने नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं। सहज योग पूर्णतया निशुल्क है।

---

### समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न

## लंबित शिकायतों को संतुष्टिपूर्वक समय सीमा में निराकृत किए जाएं-अपर कलेक्टर संजीव केशव पांडेय

**दिलीप पाटीदार**

धार,अपर कलेक्टर श्री संजीव केशव पांडेय द्वारा समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में सोमवार प्रातः 11 बजे कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में ली गई। अपर कलेक्टर ने सर्वप्रथम सीएम हेल्पलाइन पर लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। लंबित शिकायतों की समीक्षा कर शिकायतों को संतुष्टिपूर्वक समय सीमा में निराकृत किए जाने के निर्देश दिए। 50 दिवस के कम की लंबित शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निराकृत किए जाने के निर्देश दिए। स्कूल शिक्षा विभाग के लंबित प्रकरणों के संबंध में प्रकरणों को निराकृत किए जाने के निर्देश दिए। समाधान ऑनलाइन अंतर्गत समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के पंजीयन अथवा राशि के भुगतान के संबंधित शिकायतों को निराकृत किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर द्वारा जीर्ण-शीर्ण/त्रुटि वाले नक्शों में आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिये। खाद से संबंधित शिकायतें प्राप्त होने पर खाद की उपलब्धता व वितरण सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। स्वास्थ्य से संबंधित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निराकृत करें। उन्होंने समस्त आयोग, सीएम हाउस, सीएम मॉनिट से संबंधित शिकायतों की समीक्षा कर उन्हें गुणवत्तापूर्ण समय-सीमा में निराकृत किए जाने के निर्देश दिए। कोई भी अधिकारी निम्न गुणवत्तापूर्ण जवाब दर्ज ना करें। समयावधि पत्रों की समीक्षा अंतर्गत वनाधिकार पत्र के दावों के संबंध में संबंधी अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए गए । बैठक में वन अधिकार के निरस्त दावों का शत-प्रतिशत पुनरीक्षण एवं नवीन प्राप्त दावों का निराकरण कार्यक्रम अनुसार किये जाने के लिये कहा गया। इसी प्रकार विशेष पिछड़ी जाति PVTG समुदाय हेतु विशेष रूप से संचालित योजनाओं का लाभ के संबंध में चर्चा



कर निर्देश दिये। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के कार्यों की प्रगति के संबंध समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। अपर कलेक्टर श्री संजीव केशव पांडेय द्वारा समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत विभिन्न शिक्षक संस्थानों में डिजिटल क्लास के क्रियान्वयन के संबंध में शिक्षकों को ट्रेनिंग दिए जाने के निर्देश दिए। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत आभा आईडी की प्रगति की समीक्षा कर समस्त अधिकारी, कर्मचारियों एवं अपने परिवार के सदस्यों की आभा आईडी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने गीता भवन की समीक्षा कर जमीन चयनित/चिन्हांकित कर भवन निर्माण हेतु आगामी कार्यवाही के निर्देश दिए। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुक्षी को गीता भवन हेतु जल्द से जल्द भूमि चिन्हांकन कर आगामी कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया। बैठक में बताया गया कि अन्य समस्त अनुभाग में जमीन चिन्हांकित कर ली गई है। समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को आगामी कार्यवाही किये जाने के लिए निर्देशित किया। इसी के साथ ही अन्य विभागों से संबंधित प्रकरणों की भी समीक्षा कर उन्हें निराकृत किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धार तथा सभी विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे।

---

## खेलों इंडिया योजना मिशन के तहत "संडे ऑन साइकिल" रैली निकाली गई



**दिलीप पाटीदार**

धार भारत सरकार खेल मंत्रालय की खेलों इंडिया योजना मिशन पहल के तहत भारत के सभी नागरिकों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और फिटनेस को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के उद्देश्य से फिट इंडिया साइकिलिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम रविवार को विशेष संस्करण ''संडे ऑन साइकिल'' विथ आर्म्ड फोर्सेस में धार के पूर्व सैनिकों के द्वारा सहभागिता कर साइकिल रैली निकाली गई। इस रैली में शामिल सभी प्रतिभागियों को फिटनेस को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए फिट इंडिया मिशन की शपथ दिलाई गई। इस फिट इंडिया ''सन्डे ऑन साइकिल'' रैली का शुभारम्भ सूबेदार मेजर (सेवानिवृत) श्री दुर्गा प्रसाद लश्करी (जिला सैनिक कल्याण संयोजक) द्वारा रैली को झंडा दिखाकर किया गया। यह फिटनेस साइकिल रैली भारतीय खेल प्राधिकरण, जैतपुरा धार परिसर से त्रिमूर्ति चौराहा होते हुए वापस भारतीय खेल प्राधिकरण के परिसर में लगभग 45 किलोमीटर के साथ समाप्त हुई। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागी सभी पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों ने साइकिल चलाने को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया, जिससे कि न सिर्फ सभी का स्वास्थ्य बेहतर होकर मोटापे और विभिन्न बीमारियों से दूर भी रहेंगे और पर्यावरण के प्रदूषण को भी कम करने में मदद मिलेगी। साथ ही सभी ने अपने परिजनों और अन्य जन जागरूकता अभियानों के माध्यम से फिटनेस का डोज, आधा घंटा रोज, नारे का उपयोग करके फिटनेस और दैनिक शारीरिक गतिविधियों के महत्व को बढ़ावा देने के प्रयास किए जाने का भी संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम के अंत में भारतीय खेल प्राधिकरण के केंद्र प्रभारी श्री नरेश कुमार भावसार ने धार सभी प्रतिभागी पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों का इस साइकिल रैली कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय खेल प्राधिकरण धार के प्रशिक्षक श्री ओमप्रकाश माखनिया ताइक्वांडो प्रशिक्षक, श्री विकास कुमार वेदवान तीरंदाजी प्रशिक्षक, श्री मनीष लोधी, श्री लक्ष्मीनारायण वागेला, श्री राजेंद्र भंडारी और अन्य स्टाफ कर्मचारीगण विशेष रूप से उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से पूर्व सैनिकों ने अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज कराने वाले इस प्रकार रहे सूबेदार मेजर (सेवानिवृत्त), श्री दुर्गाप्रसाद लश्करी, श्री नायब सूबेदार श्री दिलीप पिपलोदिया, नायब सूबेदार श्री राजेश खडीकर, हवलदार, नायक, सिपाही एवं अन्य सैनिक परिवार के सदस्य।

# वृत्त आंतरिक क्षेत्र क्र २,आबकारी इंदौर की कार्यवाही



**आदित्य शर्मा**

इंदौर। कलेक्टर महोदय जिला-इंदौर , श्री शिवम वर्मा जी के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी जी के द्वारा दिये निर्देशानुसार तथा कंट्रोलर महोदय देवेश चतुर्वेदी जी ,डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल जी के नेतृत्व में आज दिनांक 14/12/2025 को वृत्त आंतरिक 2 प्रभारी जया मुजाल्दे ने अपनी टीम के साथ बिजलपुर में गश्त के दौरान एक दोपहिया वाहन क्रमांक MP09UJ1564 सफेद कलर की होंडा एक्टिवा से अवैध परिवहन कर ले जाई जा रही 30 पाव देशी मदिरा एवं 14 कैन जब्त कर आरोपी चंद्रकांत साहू पिता रामबिलावन साहू नि-बिजलपुर इंदौर को पकड़ लिया गया। आरोपी के विरुद्ध म.प्र.आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।जब्त मदिरा और वाहन की कुल कीमत लगभग 62500/- रुपए निकाली गई है। कार्यवाही में वृत्त प्रभारी जया मुजाल्दे,आबकारी आरक्षक उस्मान मिर्जा , संगीता यादव ,राहुल जामोद और ड्राइवर रफीक चाचा का सराहनीय योगदान रहा ।

# बिना लाईसेंस की पार्टी पर आबकारी की कार्रवाई



**आदित्य शर्मा**

कलेक्टर महोदय जिला-इंदौर , श्रीमान शिवम वर्मा जी के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी जी के द्वारा दिये निर्देशानुसार तथा कंट्रोलर महोदय देवेश चतुर्वेदी,डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती प्रीति चौबे एवं सी के साहु के नेतृत्व में दिनांक-12/12/2025 को वृत्त- मालवा मिल अ, ब, राज मोहल्ला, भौई मोहल्ला की टीम के द्वारा क्षेत्रीय रहवासियों की शिकायत पर निपानिया क्षेत्र स्थित पिनैकल ड्रिम बिल्डिंग में अवैध रुप से संगृहित कर रखी अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई।

की कार्यवाही में बिल्डिंग के फ्लैट से 20 बोतल विदेशी मदिरा व्हिस्की बरामद कर 2 आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। आरोपीयों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।जब्त मदिरा की कुल कीमत 33500/- रुपए रही। आज की कार्यवाही में आरक्षक श्री अरविंद शर्मा, श्री विपुल खरे , श्री विक्रम यादव, श्री विजय सोलंकी का सराहनीय योगदान रहा।

# आबकारी इंदौर की कार्यवाही

**आदित्य शर्मा**

कलेक्टर महोदय जिला-इंदौर , श्रीमान शिवम वर्मा जी के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी जी के द्वारा दिये निर्देशानुसार तथा कंट्रोलर महोदय देवेश चतुर्वेदी,डिप्टी कंट्रोलर एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी मनोज कुमारअग्रवाल के नेतृत्व में दिनांक-12/12/2025 को वृत्त-आंतरिक क्षेत्र क्रमांक 01 में वृत- उप निरीक्षक आशीष कुमार जैन की टीम के द्वारा शहरी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। आज की कार्यवाही में दौराने गश्त शंका के आधार पर अभिलाषा नगर चौराहा नेमावर रोड इंदौर पर एक दोपहिया वाहन क्रमांक-MP09VD1677 को रोककर वाहन स्वामी के बैग की तलाशी लेने पर परिवहन कर ले जाई जा रही उसमें गत्ते की एक पेटी मे 50 पाव देशी मदिरा प्लेन जप्त कर आरोपी विक्की शर्मा पिता अशोक शर्मा उम्र 23 वर्ष निवास B-3 सुविधि नगर छोटा बांगरदा रोड इंदौर को रंगे



हाथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।जब्त मदिरा और वाहन की कुल कीमत 43750/- रुपए रही। आज की कार्यवाही में आरक्षक मुकेश रावत,विपुल खरे, वीरेन्द्र पटेल तथा नर्मदा अलावा का सराहनीय योगदान रहा।

# इंदौर ट्रैफिक पुलिस द्वारा हेलमेट जागरूकता एवं सख्त कार्रवाई अभियान




बिना हेलमेट 742 वाहन चालकों पर कार्यवाही सड़क दुर्घटनाओं में सिर की चोटों से होने वाली मौतों को रोकने तथा नागरिकों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से इंदौर ट्रैफिक पुलिस द्वारा बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों के विरुद्ध निरंतर जागरूकता एवं सख्त कार्रवाई की जा रही है। दिनांक को चलाए गए विशेष अभियान के दौरान कुल 742 दोपहिया वाहन चालकों के विरुद्ध चालान कार्रवाई की गई। इंदौर ट्रैफिक पुलिस द्वारा आमजन से अपील की जाती है कि अपने तथा अपने परिवार की सुरक्षा हेतु हेलमेट का सदैव उपयोग करें, क्योंकि सड़क पर सुरक्षा ही सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

# M.K.V.V. स्कूल के स्टूडेंट्स ने इंदौर पुलिस की पाठशाला में सायबर फ्रॉड से बचने का लिया ये ज्ञान....

## ऑनलाइन खेल रहे हो गेम या कर रहे हो पढ़ाई........, हमेशा ध्यान रखो, सतर्कता व सावधानी बरतने की सिखलाई।



**आदित्य शर्मा**

इंदौर- वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये, इसके प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से, पुलिस कमिश्नर इंदौर के दिशा निर्देशन में इंदौर पुलिस द्वारा लगातार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में अति. पुलिस उपायुक्त क्राइम इंदौर श्री राजेश दंडोतिया ने टीम के साथ M.K.V.V. स्कूल इंदौर में पहुंचकर, वहां उपस्थित करीब 250 स्टूडेंट्स को विभिन्न प्रकार के साइबर फ्रॉड, फाइनेंशियल फ्रॉड और सोशल मीडिया से संबंधित अपराधों की जानकारी दी और साइबर अपराध होने पर साइबर हेल्पलाइन-1930, पोर्टल cybercrime.gov.in, इंदौर पुलिस की साइबर हेल्पलाइन 7049124445 आदि पर किस प्रकार शिकायत करें तथा पुलिस इन पर किस प्रकार कार्यवाही करती है आदि के संबंध में, प्रैक्टिकली समझाया उन्होंने सभी से कहा कि हम लोग आजकल ज्यादा से ज्यादा काम डिजिटल रूप में ऑनलाइन कर रहे हैं। आप लोग पढ़ाई के साथ ही ऑनलाइन गेम भी खेल रहे हो पर इस दौरान सावधानी को ध्यान नहीं रखते और अपराधियों के लुभावने वाले ऑफर की बातों में आ जाते हो। इसलिए हमेशा ध्यान रखों किसी भी अनजान व्यक्ति या ऐप्प, वेबसाइट पर विश्वास न करें, और कुछ भी गलत लगे तो अपने बड़ों या पुलिस को बताएं।

अतः सायबर अपराधों से बचने के लिए जागरूक और सतर्क रहकर पूरी सावधानी के साथ ऑनलाइन, फाइनेंशियल कार्य, पढ़ाई करें, और अपनी निजी जानकारी किसी से भी शेयर नहीं करें। इस दौरान उन्होंने सभी को साइबर अपराधों के प्रति अवेयर करने वाले इंदौर पुलिस के AI आधारित आधुनिकतम सुरक्षा चेटबोट की जानकारी देते हुए बताया कि इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा Safe Clicks-AI Agentic solutions (Chatbot) बनाया गया है, जो साइबर फ्रॉड से बचने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है।

## नो एंट्री का उल्लंघन करने वालों पर इंदौर पुलिस की कार्यवाही लगातार जारी...




इंदौर - शहर में सुगम सुरक्षित व सुखद यातायात हेतु पुलिस कमिश्नर इंदौर के दिशा निर्देशन में पुलिस द्वारा लगातार यातायात प्रबंधन का कार्य एवं नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही भी की जा रही है। इसी अनुक्रम में कल दिनांक 12 दिसंबर की सुबह से आज 13 दिसंबर की सुबह तक नो एंट्री में भारी वाहनों को लाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध, इंदौर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए कुल 06 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही कर 30000/- रुपये का समन शुल्क वसूल कर शासन के खाते में जमा कराया। साथ ही उन्हें हिदायत भी दी गई कि प्रशासन द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का पालन करें।

# महिला हिंसा उन्मूलन दिवस पखवाड़े का भव्य समापन समारोह संपन्न

## जिले में फिफ्थ डाइमेंशन एकेडमी द्वारा संचालित "सेव टूरिज्म डेस्टिनेशन फॉर वुमेन" परियोजना के तहत आयोजन

**महेन्द्र मालवीय/ रणजीत टाईम्स**



बुरहानपुर जिले में संचालित महत्वाकांक्षी परियोजना "सेव टूरिज्म डेस्टिनेशन फॉर वुमेन" के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस पखवाड़े (25 नवंबर से 10 दिसंबर) का आज भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 250-300 पर्यटन सखियाँ एवं विभिन्न स्कूलों की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य वक्ता के रूप में एस.आई. श्री सुनील पाटिल, साईबर क्राइम एक्सपर्ट से श्री महेंद्र प्रताप सिंह, जिला अधिवक्ता संघ के सचिव एडवोकेट श्री संतोष देवताले व डी ए.टी.सी.सी बुरहानपुर से श्रीमती राजकुमारी ठाकुर व श्री मोहम्मद नौशाद उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने "महिला हिंसा को रोकें – हम कैसे आगे बढ़ सकते हैं" विषय पर अपने प्रेरक विचार साझा किए तथा महिलाओं-बालिकाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण पर बल दिया।

संस्थापक श्रीमती माधुरी शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए परियोजना की अब तक की यात्रा, उपलब्धियों एवं भावी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के माध्यम से जिले को महिलाओं के लिए पूर्णतः सुरक्षित पर्यटन स्थल बनाने का संकल्प लिया गया है तथा इसके लिए पर्यटन सखियों का व्यापक प्रशिक्षण, सामुदायिक जागरूकता अभियान एवं पुलिस-प्रशासन के साथ सतत समन्वय किया जा रहा है। श्रीमती शर्मा ने कहा, "आज का यह आयोजन केवल समापन नहीं, बल्कि महिला हिंसा के खिलाफ एक नई शुरुआत है। हमारी पर्यटन सखियाँ न केवल पर्यटकों की सहेली हैं, बल्कि समाज में सुरक्षा एवं सम्मान की सशक्त आवाज भी बन रही हैं।" कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने महिला हिंसा के खिलाफ एकजुटता की शपथ ली तथा आगे भी इस मुहिम को तेज गति से आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया। द फिफ्थ डाइमेंशन एकेडमी की यह पहल बुरहानपुर को महिलाओं के लिए देश का सबसे सुरक्षित पर्यटन स्थल बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हो रही है।

# राठौर टीआई की कार्यशैली को मिल रही जबर्दस्त सराहना



**खुशबू श्रीवास्तव**

इस अवसर पर प्रेस क्लब राऊ अध्यक्ष मदन सवार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पत्रकारों एवं गणमान्य नागरिकों ने टीआई का जोशीला स्वागत किया। इस अवसर पर एसीपी निधि सक्सेना से जब आग्रह किया गया तो वो भी सेलीब्रेशन में पहुंची, मदन सवार ने टीआई को मंदिर की भव्य तस्वीर भेंट की, साथियों ने पुष्प माला से उनका स्वागत किया। इस स्वागत से टीआई के अलावा एसीपी महोदया भी अभिभूत नजर आई और उन्हेंने भी ऐलान कर दिया कि हम भी ऐसे अधिकारी का जन्मदिन मनाएंगे। इस अवसर पर पत्रकार आशीष जवखेड़कर, प्रकाश सिसौदिया,राम दांगी, शेखर गौड़, विवेक कुशवाह, खुशबू श्रीवास्तव, विनी आहूजा, कमलेश मौर्य, अंकित खरे, देवाराम ठाकुर, कमल वर्मा,फोटो ग्राफर प्रमोद पाटीदार के अन्य पत्रकार मौजूद थे। इस अवसर पर अमोल जोशी ने टीआई राठोर की जनता में जबर्दस्त कार्यशैली का जिक्र किया और कहा कि जब राठोर व्याबरा में पदस्थ थे,तो उन्होंने अपने पद पर रहते हुए तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा किया,जबकि उस क्षेत्र में इतनी दबंगई है कि कोई भी टीआई छह माह से अधिक समय तक काम नहीं कर पाया था,लेकिन राठोर ने जिस अंदाज में थाना क्षेत्र की जनता से संबंध बनाए, उसे लोग आज भी याद करते हैं। जब राठोर का ब्यावरा से तबादला हुआ तो क्षेत्र के लोग रो पड़े थे। यही कारण है कि उन्होंने अपनी शैली से राऊ का भी दिल जीत रखा है जिस कारण उन्हें लोग टीआई ना मानते हुए परिवार का मुखिया मानकर जन्मदिन पर स्वागत करते, जश्न मनाते, मिठाई बांटते नजर आए, जबकि प्रेस क्लब का यह काम नहीं है लेकिन लीक से हटकर जश्न मनाया और वहां आए अनेक लोगों को फूल मालाएं लेकर स्वागत करते देखा। इसलिए कहा जा सकता है कि टीआई हो तो ऐसे, जिसे जनता खुद आकर स्वागत करे, हौंसला बढ़ाए कि आप कानून के तहत काम करो। लोगों के दिलों में जगह बनाना बहुत कठिन काम होता है।

# आबकारी इंदौर की कार्यवाही



**आदित्य शर्मा**

कलेक्टर महोदय जिला-इंदौर , श्रीमान शिवम वर्मा जी के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी जी के द्वारा दिये निर्देशानुसार तथा कंट्रोलर महोदय देवेश चतुर्वेदी,डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी आर सी डावर सर के नेतृत्व में दिनांक-14/12/2025 को वृत्त- छावनी में वृत- उप निरीक्षक सुनील कुमार मालवीय की टीम के द्वारा शहरी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। आज की कार्यवाही में दौराने गस्त शंका के आधार एक दोपहिया वाहन TVS जुपिटर क्रमांक-MP.09. EA.3510 को रोककर तलाशी लेने पर उसके आगे रखी थैली में 15 पाव प्लेन एवं डिक्की खोलकर उसकी तलाशी लेने पर उसमें 85 पाव देशी मदिरा प्लेन कुल=100 पाव देशी मदिरा प्लेन,(18 बल्क लीटर) अवैध मदिरा प्लेन परिवहन कर ले जाई जा रही को जप्त कर आरोपी - विनोद पिता देवीसिंह चौहान उम्र 27 वर्ष, निवासी- छोटा बांगड़दा गरीब नवाज कॉलोनी इंदौर को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।जब्त मदिरा और वाहन की कुल कीमत 97,500/- रुपए रही। आज की कार्यवाही में आरक्षक श्री भगवानदास बिरला,श्री निहालसिंह बुंदेला,श्रीमती इंदु ठाकुर ,श्री कुलदीप चौहान एवं श्री विकाश मंडलोई का सराहनीय योगदान रहा


## जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स



दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888


# आज प्रशासन ने नवीन बस स्टैंड के निर्माण में रोड़ा बन रहे अवैध कब्जे हटवाए

## 15 करोड़ से अधिक भूमि हुई कब्जा मुक्त

### नवीन बस स्टैंड बनने से नगर वासियों को मिलेगी जाम जैसी हालातों से छुटकारा



करैरा : नगर परिषद बस स्टैंड हेतु वर्ष 2021 से आवंटित भूमि पर से आज प्रशासन ने कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी के आदेशानुसार अवैध अतिक्रमण सख्ती से हटवा दिया है एसडीएम अनुराग निंगवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर परिषद को आवंटित बस स्टैंड की भूमि जिसके लगभग 65000 वर्ग फुट पर भूमाफियाओं द्वारा अवैध अतिक्रमण करवाया गया था, जिसकी अनुमानित लागत 15 करोड रुपए से अधिक है, पर से 19 अतिक्रमण कर्ताओं के अतिक्रमण को बलपूर्वक बुलडोजर, जेसीबी से हटा दिया गया अतिक्रमण हटाने की कार्वाई राजस्व, पुलिस, एवं नगर परिषद के संयुक्त अमले द्वारा की गई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के समय, एसडीएम अनुराग निंगवाल,अनुविभागीय अधिकारी पुलिस डॉ आयुष जाखड़, तहसीलदार सुश्री कल्पना शर्मा, सीएमओ गोपाल गुप्ता एवं नगर परिषद का अमला मौजूद रहा उल्लेखनीय है की उक्त अतिक्रमण के कारण नवीन बस स्टैंड निर्माण में देरी हो रही थी अतिक्रमण हटाने के पश्चात शीघ्र नवीन बस स्टैंड का निर्माण होकर अंतिम रूप मिलेगा, जिससे नगर वासियों को अक्सर जाम की स्थिति निर्मित होती थी, से मुक्ति भी मिलेगी महुअर पुल से लेकर पुलिस सहायता केंद्र एवं पुराने बस स्टैंड, रेस्ट हाउस के सामने आदि स्थानों पर बसों, टैक्सियों आदि के आवागमन के कारण अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। जिससे आम नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।







# रणजीत हनुमान प्रभात फेरी में

## रणजीत टाइम्स न्यूज़ की ओर से भव्य स्वागत मंच





**रेणु कैथवास**

इंदौर। 12 दिसंबर को निकली रणजीत हनुमान प्रभात फेरी के दौरान रणजीत टाइम्स न्यूज़ चैनल की ओर से भव्य स्वागत मंच लगाया गया। इस अवसर पर रंजीत टाइम्स परिवार की पूरी टीम ने मिलकर बाबा रणजीत हनुमान का विधिवत पूजन कर श्रद्धा भाव से स्वागत किया। इस कार्यक्रम में प्रधान संपादक गोपाल गावंडे, दीपक वाडेकर, आदित्य शर्मा, रेणु कैथवास, राजेश धाकड़ सहित रणजीत टाइम्स न्यूज़ की पूरी टीम उपस्थित रही। प्रभात फेरी के दौरान भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिला। रणजीत टाइम्स न्यूज़ की इस धार्मिक पहल की श्रद्धालुओं ने सराहना की। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड़, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी -1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित
संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा )